प्रथम आम बैठक
2024-25
PTA

DATE
PAGE

आज दिनांक 31-08-24 को प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र सिंह सैनी जी की अध्यक्षता में शिक्षक अभिभावक संघ की प्रथम आम बैठक आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय की समस्त गतिविधियों की जानकारी अभिभावकों को दी गई, विभिन्न बिन्दुओं पर अभिभावकों से चर्चा की गई साथ ही नवीन सत्र 2024-25 हेतु ~~नवीन~~ शिक्षक अभिभावक संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन निम्नवत किया गया,

अध्यक्ष - श्रीमती सुमेरी बिष्ट
उपाध्यक्ष - श्री नरेन्द्र सिंह सैनी (पदेन प्रधानाचार्य)
मंत्री - अनिल कैंठेत
उपमंत्री - श्रीमती मधु (7078212383)
कोषाध्यक्ष - श्री शक्ति सिंह राणा (9557685601)
अभिभावक सदस्य
(1) श्रीमती ममता देवी, घरवाल गाँव (8979211033)
(2) श्रीमती सुनीता देवी, सुनारगाँव
(3) श्री कीर्ति सिंह गुसांई, कण्डीसौड़
(4) श्रीमती गीता देवी, स्यांसू (9897454223)
(5) श्री रूपराम, खाण्ड (9639144834)
(6) श्रीमती प्रतिमा देवी, जसपुर

शिक्षक सदस्य :-
(1) श्री मदन सिंह पंवार
(2) श्री रविन्द्र सिंह भण्डारी
(3) श्री दिनेश लाल

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई.
(1) सर्वप्रथम विद्यालय के परीक्षा प्रभारी श्री रविन्द्र भण्डारी जी द्वारा अभिभावकों को CBSE बोर्ड की जानकारी दी.

उनके द्वारा बताया गया कि CBSE का पाठ्यक्रम समझ पर आधारित है, जो छात्र को रटने से दूर करके समझने पर ज्यादा केन्द्रित करता है, उसके पश्चात पूरे सदन को बोर्ड एवं गृह परीक्षा के गत वर्ष के रिजल्ट से भी अवगत कराया गया,

(2) विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र सिंह सैनी जी द्वारा विद्यालय की समस्त गतिविधियों की जानकारी अभिभावकों को दी गई, जिसमें छात्रों को मिलने वाली समस्त छात्रवृत्तियों साइकिल योजना, निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं छात्र छात्राओं को साप्ताहिक दी जाने वाली आइरन फोलिक एसिड के विषय में विस्तृत जानकारी अभिभावकों को दी गई, साथ ही प्रधानाचार्य जी द्वारा समस्त अभिभावकों से अपील की गई कि सभी अभिभावक अपने-अपने पाल्यों को प्रतिदिन विद्यालय अवश्य भेजें, छात्र को अपरिहार्य परिस्थिति को छोड़कर किसी भी दशा में अनुपस्थित न रहने दें,

3. विद्यालय के प्रधानाचार्य जी द्वारा विद्यालय की समस्याओं से भी अभिभावकों को अवगत कराया गया, उनके द्वारा बताया गया कि विद्यालय में कार्यरत स्वीपर के सेवानिवृत्त होने से विद्यालय परिसर को साफ करने में समस्या आ रही, जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय प्रांगण, बरामदे एवं शौचालय की सफाई हेतु प्रति छात्र प्रति माह ₹ 10=00 लिया जाय एवं किसी बाह्य स्वीपर से उक्त कार्य करवाया जाय और कक्षा कक्षों की सफाई बच्चों के सहयोग से की जाय,

4. प्रधानाचार्य जी द्वारा मुख्य गेट से बरसात का सारा पानी अन्दर आकर फील्ड खराब हो जाता है इस सम्बन्ध में सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे इसे ठीक कराने का प्रयास करें, साथ ही जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर पूर्व में IT का सामान अन्दर लाने की अनुमति दी गई थी, जिसमें सामान ट्रक द्वारा गेट एवं मेन

DATE ______

PAGE ______

को रैम्प क्षतिग्रस्त कर दिया गया उसे भी ठीक करने की अपील की गई,

5. ग्राम प्रधान कण्डी खौड़ कुमाईं जी द्वारा सभी अभिभावकों से अपने पाल्यों पर ध्यान देने की बात कही गई। ग्राम प्रधान घरवालगाँव श्री बीरेन्द्र जी द्वारा अभिभावकों से छात्रों के सकारात्मक मार्गदर्शन हेतु शिक्षकों से सम्पर्क बनाये रखने हेतु कहा गया,

6. PTA अध्यक्ष श्रीमती सुमेरी बिष्ट ने सभी अभिभावकों से अपने अपने पाल्यों पर ध्यान देने की बात कही गई, साथ ही उन्हें पढ़ाई हेतु प्रेरित करने को कहा गया। अपने बच्चों को अनुपस्थित न रहने दें एवं शिक्षकों से अपने अपने पाल्यों की जानकारी लेते रहने हेतु कहा गया,

7. सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किये गये
विद्यालय में इण्टर स्तर पर भौतिक विज्ञान, जीवविज्ञान तथा रसायनविज्ञान की प्रयोगशालाएं नहीं हैं जिस कारण छात्रों को प्रयोगात्मक कार्य करने में कठिनाई होती है, अतः विद्यालय स्तर से विभाग को प्रयोगशालाओं के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा जाय,

सुमेरी बिष्ट 3/8/24
अध्यक्ष
शिक्षक अभिभावक संघ
रा०इ०का० ... टिहरी गढ़वाल

[signature] 3/8/24
प्रधानाचार्य
अटल उत्कृष्ट शिव सिंह बिष्ट
रा० इ० का० ...
थौलधार (टि०ग०)